कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

Web site – www.govtkdmcollegerjn.com ☎ **Phone No.– 07744-225171**
Email –kamlacollege.rjn@gmail.com 🖷 **Fax No. – 07744-225171**

राजनांदगांव, दिनांक : 08/03/2018

''कमला कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन''

राजनांदगांव : शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में ''अंतर्राराष्ट्रीय महिला दिवस'' के अवसर पर महिला उत्पीड़न शिकायत एवं निवारण समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती शोभा सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती मधुसुकृत साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ.मधुरिमा शेखर, विशिष्ट अतिथि डॉ.हेमलता मोहबे, विशिष्ट अतिथि श्रीमती शारदा तिवारी, संस्था की प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) बी.एन.मेश्राम उपस्थित रही ।

इस अवसर पर मुख्यअतिथि श्रीमती शोभा सोनी, अध्यक्ष छ.ग. समाज कल्याण बोर्ड, ने कहा कि महिलाएं मानसिक रूप से समक्ष है इसलिए समाज के सभी क्षेत्रों में पुरूष और महिला दोनों को बराबरी में लाना होगा। देश समाज और परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए महिलाओं को सशक्त होना, बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती मधुसुकृत साहू ने कहा कि महिलाओं को स्वच्छ और उपयुक्त पर्यावरण की जरूरत है जिससे कि वो हर क्षेत्र में अपना खुद का फैसला ले सके। चाहे वो स्वयं, देश परिवार या समाज किसी के लिए भी हो।

विशिष्ट अतिथि डॉ.मधुरिमा शेखर ने कहा कि लैंकिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले जाता है, जो देश को पीछे की ओर ढकेलता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ.हेमलता मोहबे ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच, जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृत्ति, मानव तस्करी आदि, को मारना जरूरी है।

श्रीमती शारदा तिवारी ने कहा कि विकास का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समर्थ बनाना है क्योंकि एक सशक्त महिला अपने बच्चों के भविष्य को बनाने के साथ ही देश का भविष्य भी सुनिश्चित करती है ।

संस्था की प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) बी.एन.मेश्राम ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकार पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.(श्रीमती) निवेदिता ए.लाल ने किया । इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ.(श्रीमती) हरप्रीत कौर गरचा, समस्त प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित रही।